सोशल आडिट निदेशालय

मो0 न0 9453535353
E-mail-socialauditup@yahoo.in

ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0

7वां तल, पी.सी.एफ. भवन, 32 स्टेशन रोड, लखनऊ–226001

पत्रांकः 37 / सो.आ.नि.– 318 / 2013

दिनाँकः 16 मई, 2013

प्रेषक,

निदेशक,
सोशल आडिट,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

समस्त जिला कार्यक्रम समन्वयक / जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

विषयः महात्मा गाँधी नरेगा योजनान्तर्गत कराए गए कार्यों का सोशल आडिट कराए जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

ग्राम पंचायत स्तरीय सोशल आडिट टीमों द्वारा महात्मा गाँधी नरेगा के अन्तर्गत कराए गए कार्यों के सोशल आडिट की प्रक्रिया निर्धारण के सम्बन्ध में कृपया शासनादेश संख्याः 2245 / अड़तीस–7–2012 –200नरेगा / 2009 दिनाँक 04.10.2012 का संदर्भ लें। उक्त शासनादेश के अन्तर्गत यथा–अपेक्षित वित्तीय वर्ष 2013–14 के जून से सितम्बर, 2013 तक प्रथमतया उन सभी ग्राम पंचायतों में सोशल आडिट सम्पन्न कराए जाने का लक्ष्य है जहाँ वित्तीय वर्ष 2011–12 अथवा 2012–13 में महात्मा गांधी नरेगा अन्तर्गत रु0 10.00 लाख से अधिक व्यय किया गया हो।

अतः आपसे अनुरोध है कि जिन ग्राम पंचायतों में महात्मा गांधी नरेगा के अन्तर्गत वर्ष 2011–12 अथवा 2012–13 में रु0 10.00 लाख से अधिक व्यय हुआ हो उन्हें निर्धारित करते हुए उन ग्राम पंचायतों के लिए सोशल आडिट हेतु ग्राम पंचायत स्तरीय सोशल आडिट टीमों का गठन दिनांक 15.06.2013 तक अनिवार्यतः कर लें। यदि सोशल आडिट टीमों का गठन पहले ही हो चुका हो तो निम्नांकित प्रारूप पर वित्तीय वर्षवार सूचना उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

क्रमांक	वित्तीय वर्ष	विकास खण्ड का नाम	ग्राम पंचायतों का नाम जहां रु0 10.00 लाख से अधिक व्यय किया गया हो	सोशल आडिट टीमों के गठन की स्थिति

जिन ग्राम पंचायतों के लिए सोशल आडिट टीम का गठन अभी नहीं हुआ है और दिनांक 15.6.2013 तक पूर्ण किया जाना है उनकी सूचना उक्त प्रारूप पर दिनांक 17.6.2013 को उपलब्ध कराएं। आपसे सूचना प्राप्त होते ही सोशल आडिट टीम के प्रशिक्षण आदि हेतु यथोचित कार्यवाही सम्पन्न की जाएगी।

भवदीय,

(शंकर सिंह)
निदेशक

संख्याः 37 / सो0आ0सं0–318 / 2013 तद्दिनाँक।

प्रतिलिपिः प्रमुख सचिव, ग्राम्य विकास अनुभाग–7, उ0प्र0 शासन, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।

(शंकर सिंह)
निदेशक